an>

Title:Regarding need to accord the status of Central University to Lalit Narayan Mithila University, Darbhanga, Bihar.

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा) ः ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा, बिहार का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के अंतर्गत 42 अंगीभूत और 24 कालेज संबद्धता (मान्यता प्राप्त) कालेज हैं। प्राचीन काल में मिथिला की शिक्षा के क्षेत्र में विशिÂट पहचान रही है, खासकर दर्शन के क्षेत्र में यÂट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। वर्तमान में मिथिला का यह भू-भाग कई कारणों से अपेक्षित प्रगति नहीं कर पाया है। यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित रहा है, उद्योग विहीन है, कृÂिा ही इस क्षेत्र के लोगों का मुख्य पेशा है। लोग अपने बच्चों को उच्च एवं बेहतर शिक्षा के लिए दूर भेजने में असमर्थ हैं। इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक है कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हो।